तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 1 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



देश-काल, परिस्थिति के साथ स्वयं का मूल्यांकन करते रहें: पं. मेहता

4




## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 4 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 4 सितम्बर गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक जी.एस.एम.आर. सोलर प्राइवेट लिमिटेड,जांजगीर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 20 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी उत्तीर्ण निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 15 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा।

### पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत

**बिर्रा।** घर एवं आस-पास में खेलते हुए 12 माह का मासूम का पानी से भरा गड्ढा में गिरने से डूबकर मौत हो गया। घटना हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्दा के जमडी रोड का है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 29 अगस्त दिन शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे ग्राम मल्दा निवासी किशन कश्यप का छोटा पुत्र शिवांश कश्यप अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों ने जब बच्चे को घर में नहीं पाया तो आसपास खोजबीन शुरू किया। पड़ोसियों से पूछताछ करने पर परिजनों ने घर के पीछे की ओर देखा। जहां पर एक खाली जगह में पानी से भरा गढ़ा था। गड्ढा में झांकने पर लोगों को बच्चा का शव तैरते हुए नजर आया। गड्ढा से शव बाहर निकाला गया। लेकिन समय बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के पश्चाताप शव को परिजन को सौंप दिया गया। घर के पास में घुरुवानुमा बहुत बड़ा गड्ढा है। जिसको किसी ने भी पाटने का ध्यान नहीं दिया। लिहाजा 12 माह के मासूम का डूब कर हुई मौत से पूरे गांव में मातम फैला हुआ है।

### मोबाईल चोरी करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**बाराद्वार।** मोबाइल की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना अंतर्गत डेरागढ. का है। मिली जानकारी के अनुसार हितेश साहू पिता स्व. लक्ष्मण प्रसाद साहू उम्र 19 साल निवासी डेरागढ़ थाना बाराद्वार 29 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रियलमी 12 प्रो एसजी कंपनी का मोबाईल चोरी हो गई है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना लिया गया। इस दौरान पुलिस ने 30 अगस्त को सायबर टीम की मदद से लोकेशन के आधार पर आरोपी रजनीकांत उर्फ बबलू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन के आधार पर आरोपी रजनीकांत के कब्जे से मोबाइल को जब्त किया। आरोपी को 31 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# जहरीले सांपों का रेसक्यू कर स्नैक मैन टिंकू बचा रहे लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बरसात के मौसम में विषधरों का खतरा बढ़ जाता है। जहरीले सांप के काटने से कईयों की मौत भी हो जाती है। जांजगीर के स्नैक मैन टिंकू शुक्ला लोगों को इस खतरे से बचा रहे हैं। इन दिनों वे रोजाना 5 से 7 जहरीले सांपों का रेसक्यू कर रहे हैं।

जिला मुख्यालय जांजगीर में इन दिनों अनुराग टिंकू शुक्ला की पूछपरख बढ़ गई है। वजह यह है कि शहर में हर ओर सांप निकल रहे हैं और टिंकू बड़ी आसानी से जहरीले सांप पकड़ लेते हैं। टिंकू की पहचान स्नेक मेन के रूप में है। वे लोगों के घरों में जाकर सांप पकड़ने का कार्य निःशुल्क करते हैं। टिंकू आजकल प्रतिदिन 5 से 7 सांप का रेसक्यू कर रहे हैं। समय पर जहरीले सर्प पकड़ कर वे लोगों की जान बचा रहे हैं। टिंकू शुक्ला 10 साल से स्नेक रेसक्यू का काम कर रहे हैं। अनुराग टिंकू शुक्ला की अब एक टीम भी बन गई है। दिन हो या रात जब भी उन्हें कोई फोन करके बुलाता है तो वे स्वयं के साधन से मौके पर पहुंच जाते हैं और बड़ी आसानी से जहरीले सांप को पकड़ लेते हैं। सांप को पकड़ कर वे निर्जन स्थान पर छोड़ देते हैं। इससे जहाँ लोगों की जान बच रही है, वहीं सर्प भी सुरक्षित हैं। इस सेवा कार्य के लिए टिंकू को कई तरह का सम्मान भी मिल चुका है। जिला प्रशासन और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनकी टीम की निःस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया है। जांजगीर शहर के हसदेव विहार कालोनी और कलेक्टोरेट क्षेत्र में करैत और नाग जैसे विषैले सांप अधिक निकलते है। इसके अलावा पूरे शहर में विभिन्न प्रजाति के सांपों का इन दिनों विचरण चल रहा है। जहरीले सांपों को देखते ही लोगों की धडकन बढ जाती है। टिंकू शुक्ला की टीम को फोन करते ही वे मौके पर पहुंच जाते है। इसके बाद जहरीले से जहरीले सांप को आसानी से रेस्क्यू किया जाता है।

### सर्प मित्र के रूप में बनाई पहचान, रोजाना पकड़ते हैं 5 से 7 सांप

#### सर्प की भी करते हैं चिंता

अनुराग टिंकू शुक्ला को सांप के सुरक्षा की भी चिंता रहती है। वे सर्प का रेसक्यू बड़ी सावधानी से करते हैं ताकि सांप को भी कोई नुकसान न हो। टिंकू शुक्ला लोगों से सांप को नहीं मारने की अपील भी करते हैं। उनका कहना है कि जिस तरह सांप से मनुष्य डरता है, वैसे ही सर्प को भी मनुष्य से डर लगता है। सांप केवल आत्मरक्षा में हमला करते हैं। टिंकू शुक्ला का कहना है कि सांप दिखने पर उसे मारने के बजाय उनकी रेस्क्यू टीम के लेगों को इसकी सूचना दें, ताकिआमजन और सांप दोनों की सुरक्षा की जा सके। समय के साथ अनुराग टिंकू शुक्ला की एक टीम बन गई है। टीम में शहर के कई युवा शामिल हो रहे है। भोला राठौर, आशीष कहरा, पप्पू शिवा, दादू राठौर, सोनू और शैल इस टीम से जुड.कर सांप के रेस्क्यू का कार्य कर रहे है। किसी के भी मोबाइल नंबर पर फोन आते ही टिंकू शुक्ला अपना सहयोगी लेकर सांप पकड़ने निकल जाते है।



छोटे बच्चो के उपचार के लिए होती है परेशानी, जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अफसर नहीं दे रहे ध्यान

# जिले में ढाई दशक के बाद भी नहीं खुल सका शिशु अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में ढाई दशक बाद भी छोटे बच्चों के लिए अलग से अस्पताल की सुविधा नहीं हो सकी है। शिशु अस्पताल की जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही है। शिशु अस्पताल नहीं होने के कारण छोटे बच्चो को अन्य लोगो के वार्डो में रखकर उपचार करने की मजबूरी बनी हुई है। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अफसर इस समस्या को लेकर ध्यान नही दे रहे है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले का गठन 25 मई 1998 को किया गया। इसके बाद यहां जिला चिकित्सालय खोला गया। बढ़ती आबादी और मरीजों की संख्या को देखते हुए जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल को 100 सौ बेड से बढाकर 220 बेड कर दिया गया है। वही शासन स्तर से भी इसकी मंजूरी मिल चुकी है। इधर शिशुओ के लिए अलग से अस्पताल की बनाने की व्यवस्था पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। जिसके कारण मासूम बच्चो का उपचार जिला अस्पताल में अलग से करने के बजाय अन्य मरीजो की तरह ही होता है। सबसे बडे सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन 400 से 600 मरीज उपचार कराने पहुंचते है। इनमें मासूम बच्चे भी शामिल रहते है। इनमे से कई मासूम बच्चे गंभीर बीमारी से भी प्रभावित रहते है। इनका समय पर उपचार एवं अन्य व्यवस्था बनाना जरूरी रहता है। लेकिन अलग से शिशु अस्पताल नही हो पाने के चलते उनके उपचार में देरी होती है। वही कई बच्चो को इलाज के लिए मजबूरन अधिक रकम खर्च करके निजी अस्पतालो मे उपचार कराने की मजबूरी बनी रहती है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल मे 0 माह से लेकर 8 साल तक के छोटे बच्चे भी उपचार कराने को लेकर आते है। इनमे सर्दी, खांसी, मलेरिया, टायफाइड, उल्टी दस्त, टी बी, कैंसर, बुखार सहीत अन्य बीमारियो से प्रभावित बच्चे भी शामिल है। मध्यम एवं गरीब वर्ग के लोग सरकारी अस्पताल के माध्यम से उपचार कराने यहां पहुंचते है, ताकि उनके बच्चे का उपचार समय पर हो सके। वही दुसरी ओर अलग से शिशु अस्पताल नही होने के कारण छोटे बच्चो को उपचार कराने के लिए अधिक समय भी लगता है। अलग से शिशु अस्पताल नहीं होने के कारण परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बच्चों को लेकर उपचार कराने जिला अस्पताल पहुंचे लोग।

### आनलाइन के बाद भी लगती है लाइन

ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में उपचार के पूर्व आनलाइन पर्ची भी कटवाना रहता है। मरीजों का ओपीडी पंजीयन इसके माध्यम से होता है। इसी पर्ची के माध्यम से मरीजो का उपचार कर दवा लिखी जाती है। इधर देखा जाए तो पर्ची काटने की पूरी ब्यवस्था आनलाइन हो चुकी है। इन सबके बावजूद आज भी इलाज कराने के पूर्व पर्ची कटवाने के लिए मरीज एवं उनके परिजन काउंटर में घंटो लाइन में लगे रहते हैं। मरीजों की भीड़ अधिक होने पर घंटो लाइन में लगकर इंतजार करना पडता है, जिसके चलते उनको परेशानी उठानी पडती है। कई बार तो आनलाइन पंजीयन को लेकर कर्मचारी एवं मरीजो के बीच कहासूनी की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### बनाई जाएगी व्यवस्था

जिला अस्पताल को 100 सौ बेड से बढाकर 220 बेड का शासन स्तर से किया गया है। शिशुओ के अलग से अस्पताल को लेकर अलग से व्यवस्था बनाई जाएगी।

**- डॉ.मनोज बर्मन,**
सीएमएचओ,
जांजगीर चाम्पा

# यूरिया की किल्लत से पिछड़ रही खेती अधिक दाम पर खरीदने की मजबूरी

» 266 रुपए का यूरिया हजार रुपए तक पड़ रहा खरीदना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

यूरिया खाद की किल्लत इन दिनों किसानों पर भारी पड़ रही है। समितियों में यूरिया नहीं मिल पा रहा है। वहीं निजी दुकानों में 3 से 4 गुना दाम पर खाद बेची जा रही है। समय पर यूरिया नहीं मिलने से खेती पिछड. रही है। ऐसे में किसानों को मजबूरन अधिक दाम पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है। किसान 1 हजार रुपए तक यूरिया खरीदने मजबूर हो रहे है।

अंचल के सिलादेही, डभराखुर्द, बिर्रा, घिवरा और किकिरदा आदि सोसायटियो में यूरिया खाद की कमी बनी है। जिसके कारण किसानों को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंचल के किसान 1000 रुपए से लेकर 1200 रुपए तक में यूरिया खाद खरीदने को मजबूर है। सोसाइटी में यूरिया खाद का मूल्य 266 रुपए 50 पैसा है। सेवा सहकारी समितियों में यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है। अंचल के सिलादेही, डभराखुर्द, बिर्रा, घिवरा और किकिरदा सोसायटी में समिति प्रभारियों के द्वारा मांग पत्र भेजा गया है। रेक पॉइंट में यूरिया खाद का रेक नहीं लगने से अंचल सहित पूरे जिला के अलावा पूरा छत्तीसगढ़ में यूरिया खाद की शॉर्टेज बनी हुई है। जिसके कारण बिर्रा अंचल में व्यापारियों का बोलबाला है। सोसाइटी में यूरिया खाद की शॉर्टेज बनी हुई है। इसके बावजूद अंचल के व्यापारियों के गोदाम में छोटे और बड़े वाहनों में खाद डंप होते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त कुछ व्यापारियों के गोदाम में भी काफी मात्रा में यूरिया खाद डंप पड़े हुए रेक देखे जा सकते हैं। इस संबंध में क्षेत्र के किसानों ने बताया कि वर्तमान में इस समय रोपाई का काम कर लिया गया है। इसके साथ ही जगाई, निंदाई का काम भी अंतिम चरण में है। वर्तमान में किसानों को बहुत ज्यादा ही यूरिया खाद की आवश्यकता हो रही है। किसानों ने आगे बताया कि अगर किसानों को सही समय में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होगा, तो धान के उपज में प्रभाव पड़ सकता है।

### विधायक ने सेवा सहकारी समिति के गोदाम का किया निरीक्षण



**अकलतरा।** क्षेत्र में किसानों को खाद की आपूर्ति को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा सेवा सहकारी समिति - कोटगढ़ के खाद गोदाम का निरीक्षण किया गया एवं खाद के भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गांव के - किसानों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि समिति में यूरिया खाद - का स्टॉक नहीं होने के कारण उन्हें - काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान मजबूरी में बाजार से अधिक दामों पर यूरिया - खरीदने को विवश हैं।इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने जिला विपणन अधिकारी एवं कृषि विभाग के उप संचालक से चर्चा कर अकलतरा विकासखंड की सभी सेवा सहकारी समितियों में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि कोटगढ़, अकलतरी, पोड़ीदलहा, कोटमीसोनार, अमोरा, किरारी, कापन, नरियरा एवं अकलतरा की समितियों में यूरिया की भारी कमी से किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही खाद की कालाबाजारी की शिकायतें भी मिल रही थीं। विधायक के हस्तक्षेप और कृषि विभाग को पत्र भेजे जाने केबाद 26 अगस्त को अकलतरा नगर में यूरिया खाद की रैंक पहुंची। इसके पश्चात जिला विपणन अधिकारी द्वारा नरियरा, कोटमीसोनार, कोटगढ़, किरारी एवं पोड़ीदलहा में 500-500 बोरी, अमोरा में 300, अकलतरी में 200 और अकलतरा समिति में 100 बोरी यूरिया खाद का वितरण कराया गया। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सेवा सहकारी समितियों का नियमित निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान हर्षवर्धन सिंह एवं कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# रात्रि में ट्रेलर से मारपीट कर लूटा मोबाइल, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रात्रि में ट्रेलर चालक से मारपीट कर मोबाइल लूटने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत नवलपुर निवासी दीपक बरेठ ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ड्रायवरी का काम करता है जो ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजे 9720 को लेकर कुसमुंडा से कोयला भरकर जयराम नगर जा रहा था इसके साथ कंपनी की एक अन्य ट्रेलर को शिव प्रकाश पांडे चला रहा था दोनों सामने सामने जा रहे थे कि रात्रि करीब 3 बजे ग्राम खिसोरा आमोस फैशन कपडा दुकान के पास मेन रोड के पास पहुंच कर अपने टेलर वाहन का टायर को चेक करने के लिए रूका। उसी समय पंतोरा की ओर से मोटर सायकल में सवार 3 अज्ञात व्यक्ति आये और आहत को अश्लील गाली गलौच व मारपीट कर मोबाईल वीवो कंपनी को लूट लिये विरोध करने पर एक व्यक्ति द्वारा अपने हाथ में रखे चाकू से वार किया और उसके जेब में रखे 3 हजार एवं ओप्पो मोबाईल व ड्रायविंग लाईसेंस को लुटकर बलौदा बिलासपुर रोड की ओर भाग गये। पुलिस ने धारा 296,115(2),309(6),3(5) भा.न्या.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी कलेस्वर लास्कर उम्र 21 वर्ष ग्राम हिडाडीह थाना सीपत को 31 अगस्त को को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# माजदा में मवेशी की तस्करी करते तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

माजदा वाहन से मवेशी की तस्करी करते तस्कर को पुलिस ने पकड़ा है। उसके कब्जे से 25 गाय,बछड़ा व बैल बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पशु संरक्षक अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को रविवार 31 अगस्त को मवेशी तस्करी की सूचना मिली। सूचना पर जांजगीर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई। खोखरा से उड़ीसा तरफ अवैध रूप से पशु तस्करी कर ले जाने की सूचना पर गठित रिस्पांस टीम ने फोरलेन मुनुद चौक के पास रेड कार्यवाही की। सफेद रंग के मजदा वाहन सीजी 11 एजी 1875 को रोक कर तलाशी लिए जाने पर वहां में 25 गाय,बछड़ा व बैल मिला। इसके संबंध में वाहन चालक संजय सूर्यवंशी निवासी खोखरा से पूछताछ करने पर अवैध रूप से तस्करी करना अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही किया गया है। आरोपी के कब्जे से मवेशी तस्करी में प्रयुक्त माजदा वाहन को बरामद किया गया।आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पशु संरक्षक अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। कार्यवाही में निरीक्षक मणिकांत पांडे, उप निरीक्षक सत्यम कुमार चौहान, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, आरक्षक राजू लाठेवाल एवं रिस्पांस टीम जांजगीर तथा थाना स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त वाहन।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को कलेक्टर ने ट्राफी एवं मैडल से किया सम्मानित

# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत रविवार को सायकल रैली निकाली गई। वहीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। शतरंज प्रतियोगिता में 86 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रथम राठौर ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। कलेक्टर ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का भी आयोजन हसदेव पब्लिक स्कूल में जिला प्रशासन एवं जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में किया गया। जिसमें कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पहुंचकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्राफी, मोमेंटो और मेडल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। 29 से 31 अगस्त तक जिले में विभिन्न खेल गतिविधियों एवं फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने इस मौके पर कहा कि बचपन से ही खेलों में सहभागिता से तार्किक शक्ति, मानसिक मजबूती और अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने विशेष रूप से शतरंज खेल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह खेल न केवल बौद्धिक क्षमता को विकसित करता है, बल्कि धैर्य, निरंतरता और एकाग्रता बनाए रखने की प्रेरणा भी देता है। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में 86 खिलाड़ियों को हराकर प्रथम राठौर ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। द्वितीय स्थान परितोष साहू, तृतीय स्थान विवेक कुमार सोनी को मिला। इसके अलावा केटेगरी वर्ग में विजेता अंडर 9 वेदांश यादव, अनाया लकड़ा, अंडर 13 सिद्धार्थ ठाकुर, कुमारी रिमझिम केवट अंडर 15 अथर्व पालीवाल, कृतिका साहू, विशेष पुरस्कार के रूप में अंडर 7 वर्ग बालक बालिका में प्रद्युमन, आमंदी को किया गया पुरस्कृत। इसके साथ ही वेदांश यादव को इंटरनेशनल रेटिंग शुरू करने पर भी विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



पुरस्कार के साथ विजेता टीम।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### हाथियों के झुंड ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**कोरबा।** जिले में 52 हाथियों के झुंड ने किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन मंडल कटघोरा में 52 हाथियों का झुंड पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। इनमें से 44 हाथी खेतों में पहुंच गए। ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने के लिए पटाखे फोड़े और आग जलाई। इसके बाद हाथियों का झुंड खेतों से निकलकर सड़क पार कर जंगल की ओर चले गए। वर्तमान में 44 हाथी कोरबा के आसपास और 8 हाथी पसान रेंज में घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, झुंड में नन्हे शावक होने के कारण हाथी गांव के आसपास नहीं जा रहे हैं। हाथियों का झुंड दिन में साल्ही पहाड़ में रहता है और शाम होते ही भोजन की तलाश में खेतों में पहुंच जाता है। बांगो बांध का डुबान क्षेत्र नजदीक होने के कारण हाथी इस क्षेत्र में अधिक समय बिता रहे हैं। चोटिया-चिरमिरी मार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा है। हाथियों के सड़क पार करने के दौरान लोग वीडियो बनाने के लिए सड़क किनारे खड़े हो जाते हैं। पिछले दो दिनों में हाथियों ने लगभग 50 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। चिल्का वन विभाग सर्वे करा रहा है और किसानों को सहायता राशि देने की कार्रवाई कर रहा है। रेंजर अभिषेक दुबे के अनुसार, वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है।

### महाविद्यालय में प्रवेश की बढ़ाई गई तिथि

**हरदीबाजार।** महाविद्यालय हरदीबाजार में बीए, बीएससी, बीकाम, एमए, एमएससी, एमकाम प्रथम सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए के रिक्त सीटों पर प्रवेश लेने हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 5 सितंबर तक प्रवेश तिथि में वृद्धि की गयी है।

### तीन दिनों तक रायपुर गेवरारोड मेमू रहेगी रद्द

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा अधोसंरचना विकास के तहत उरगा-कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन के मध्य 12.63 किलोमीटर लंबी कोरबा बायपास लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इस नई द्वि-दिशात्मक लाइन की कनेक्टिविटी हेतु कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन में 30 एवं 31 अगस्त 2025 को एनआई का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण 30 एवं 31 अगस्त 2025 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू कोरबा स्टेशन में समाप्त होगी तथा कोरबा-गेवरारोड के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 30 एवं 31 अगस्त 2025 को गेवरारोड से चलने वाली गाड़ी संख्या 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू कोरबा स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गेवरारोड-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी 30 एवं 31 अगस्त 2025 को रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू कोरबा स्टेशन में समाप्त होगी तथा कोरबा-गेवरारोड के मध्य रद्द रहेगी।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में मना किसान दिवस

**कोरबा।** भगवान बलराम जयंती एवं किसान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र कटघोरा परिसर में किया गया। कार्यक्रम में कृषक को प्राकृतिक खेती के महत्व एवं उनके द्वारा समन्वित खेती उपचार प्रयोग कर मिट्टी की उर्वरकता को कैसे बढ़ाये एवं सूक्ष्म जीवों को मृदा में संचारण से कैसे पौधो में बदलाव एवं सुधार हो सकते है। किसानों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, अमृतपानी आदि को कैसे बनाये एवं फसलों पर प्रयोग आदि की जानकारी कार्यशाला में दिया गया।

## जन चौपाल लगाकर समस्याओं का भी किया जा रहा निराकरण

# सबरिया समुदाय के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने दी जा रही ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कौशल विकास एवं स्व रोजगार के माध्यम से सबरिया समाज के लोगों को मुख्य धारा में लाने विशेष रूप से ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही साथ इस समाज की महिलाओं को बिहान ग्रुप में जोड़ने का काम किया जा रहा है,ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। वहीं उनकी विभिन्न समस्याओं का पुलिस प्रशासन द्वारा निराकरण भी किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि रविवार 31 अगस्त को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा सोशल पुलिसिंग के तहत जिले के सबरिया समुदाय के लोगों को हुनरमंद बनाने के लिए सख्त प्रयास किया जा रहा है, और उन्हें विशेष ट्रेनिंग भी कराई जा रही है ताकि वे आर्थिक रूप से सम्बल हो सके। इसी क्रम में सबरिया समाज के महिलाओं को बिहान ग्रुप में भी जोड़ा जा चुका है। इसी के तहत 31 अगस्त को थाना प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिन्हा स्वयं पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम कमरीद सबरिया डेरा पहुंचे जहां जन चौपाल लगाकर जन संवाद किया गया। जिसमें लोगो के सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया और कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी पामगढ़ ने लोगो से आग्रह किया कि अवैध शराब नहीं बनाने, न ही किसी प्रकार का अवैध शराब बिक्री नहीं करने, शराब बनाने या अवैध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी से ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। चौपाल के आयोजन से लोगों में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और लोगों ने पुलिस प्रशासन के इस पहल की सराहना की। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब की बिक्री एक गंभीर अपराध है जिससे अक्सर त्रासदी होती है। समाज के जिम्मेदार सदस्य के रूप में, इस तरह के अपराधों को रोकने में पुलिस का सहयोग करना चाहिए। ताकि समाज को अपराध मुक्त किया जा सकें।


जनचौपाल में सबरिया समाज के लोगों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

## करंट की चपेट में आने से ठेका कर्मी की मौत, जांच में जुटी पुलिस


घटना स्थल जहां जहां ठेकाकर्मी की मौत हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा बस्ती धरमपुर में विद्युत सुधार कार्य के दौरान एक ठेका कर्मी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया।

**खास बात**
- गेवरा बस्ती धरमपुर का मामला, हादसे के पीछे सुरक्षा में लापरवाही को मानी जा रही वजह

जिससे ठेका कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के पीछे सुरक्षा में बरती गई लापरवाही को वजह माना जा रहा है। आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर शव रखकर मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्य में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह सतीश अग्रवाल नामक लाइनमैन चलती हुई विद्युत लाइन पर तार दुरुस्त करने के लिए चढ़ा हुआ था। कार्य के दौरान अचानक वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि सतीश मौके पर ही गिर गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक के परिवारजन सड़क पर मृतक के शव को रखकर जाम कर मुवाजे की मांग कर रहे हैं। हालांकि विद्युत वितरण कंपनी व ठेका कंपनी द्वारा अब तक मृतक ठेका कर्मी के परिजनों को मुआवजा राशि का वितरण नहीं किया गया है।

## कर्ज में डूबे मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्ज में डूबे एक मजदूर ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। काम नहीं मिलने परेशान होकर वह अक्सर शराब पीकर पत्नी से मारपीट करता था। शुक्रवार की शाम उसने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र का है। रामधन केवट 50 वर्ष अपनी पत्नी, दो बेटियों और एक बेटे के साथ निवासरत था। रामधन रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पिछले कुछ महीनों से उसे काम नहीं मिल रहा था। जिसकी वजह से वह परेशान था और शराब का आदी हो गया था। शराब पीकर वह अक्सर घर में गाली-गलौज और मारपीट करता था। दो दिन पहले उसने पड़ोसी से 3 हजार रुपए उधार लिए थे। उसने कहा था कि काम के लिए बाहर जा रहा हैं और लौटकर पैसे वापस कर देगा, लेकिन वह काम पर नहीं गया। शुक्रवार की शाम को परिवार के सदस्य पड़ोस में गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए गए थे। रामधन घर पर अकेले था। जब परिवार वापस लौटा तो उसने रामधन को फांसी के फंदे पर लटकते पाया। रजगामार चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार, सब इंजीनियर को निगम आयुक्त ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर नगर निगम के उपअभियंता छबिलाल उराव को जनप्रतिनिधियो से दुर्व्यवहार करने व शालीनता से परे होकर बात करने, कार्य मे लापरवाही करने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। नगर निगम के विद्युत विभाग में कार्यरत उप अभियंता छबिलाल उरांव से वार्ड के पार्षद के द्वारा विद्युत संबंधी शिकायत किए जाने पर उनके द्वारा पार्षद से दुर्व्यवहार किया गया एवं शालीनता से परे होकर बात की गई। साथ ही उप अभियंता उराव द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर भी उसका निराकरण न कर अपने कार्य के प्रति उदासीनता बरती गई। इसकी शिकायत आयुक्त पांडेय को प्राप्त हुई, उन्होंने उक्त अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी किया, किंतु संतोष जनक जवाब न दिए जाने पर तत्काल प्रभाव से उप अभियंता श्री उराव को निलंबित कर दिया। आयुक्त श्री पांडेय ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को कड़ी हिदायत दी है कि जनप्रतिनिधियों, पार्षदों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करें तथा उनके द्वारा बताई गई। समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निराकरण कराए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री पांडे के द्वारा नियमित रूप से वार्ड एवं बस्तियों का भ्रमण किया जा रहा है, अपने भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पांडे ने यह पाया था की दिन को भी स्ट्रीट



लाइट जल रही हैं। ऊर्जा का अपव्यय हो रहा है तथा निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है, उन्होंने इस संबंध में उक्त अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था, साथ ही फील्ड भ्रमण के दौरान यह भी शिकायत मिली थी कि उक्त अभियंता प्राय अपनी ड्यूटी से नदारत रहते हैं तथा उनके द्वारा अपने कर्तव्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है।

**दुर्व्यवहार व कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी**

निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि निगम के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार एवं कार्य के प्रति उदासीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस भी अधिकारी कर्मचारी के द्वारा इस प्रकार का व्यवहार किया जाएगा कार्य में उदासीनता बरती जाएगी। उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित होगी, अतः निगन के अधिकारी कर्मचारी यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कर लें कि पार्षदों, जनप्रतिनिधियों के साथ उचित व सम्मानजनक व्यवहार करें, उनके द्वारा प्रदत्त शिकायतों व समस्याओं का यथासंभव त्वरित निराकरण कराए तथा अपने दायित्व के प्रति सजग रहे।

## रेत चोरों को नहीं किसी का डर अहिरन नदी से खुलेआम उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कहने को तो शासन द्वारा रेत घाटों को बंद कर दिया गया है, पर बांकीमोंगरा क्षेत्र में रेत तस्करी का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। रेत तस्कर खुलेआम अहिरन नदी का सीना छलनी कर रोजाना 100 से अधिक ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन कर ढुलाई कर रहे हैं। हालात यह हैं कि रेत चोर खुलेआम डंके की चोट पर खनिज विभाग और पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक स्थानीय भाजपा नेता भी इस अवैध कारोबार में संलिप्त है। जानकारी के मुताबिक अहिरन नदी से निकाली जा रही रेत बाकी मोंगरा, कटघोरा, दीपका और कुसमुंडा होते हुए सीधे बाजार में 25सौ से 3 हजार प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से बेची जा रही है। शहरी क्षेत्र से होकर बहने वाली नदियां और नाले तक रेत माफियाओं के निशाने पर हैं। नपानि परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र के कुमगरी, सुमेधा, बल्गी, भैरवताल, छुराकछार, कुचेन, मडवाढोड़ा, कोराई, कसारंगा, ढपढप, घाना और कछार के पास से बहने वाली अहिरन नदी से दिनदहाड़े और रातभर डबल इंजन ट्रैक्टरों से रेत निकासी जारी है। इस अवैध कारोबार में कई छोटे-बड़े ठेकेदार और सप्लायर शामिल बताए जा रहे हैं। जो सत्ता की आड़ में खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि रेत चोरी के इस कारोबार को जिले के खनिज विभाग और क्षेत्र की पुलिस का संरक्षण प्राप्त है और खुलेआम रेत चोरी हो रही है और शासन को राजस्व हानि के साथ-साथ नदी का अस्तित्व भी खतरे में है।

**खास बात**
- बांकीमोंगरा क्षेत्र में फलफूल रहा अवैध रेत का कारोबार।


नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते रेत तस्कर।

**की जा रही कार्रवाई**

अहिरन नदी में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक सप्ताह के भीतर कुल पांच गाड़ियों को जप्त किया गया है। शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करती है। जिले में लगातार अवध उत्खनन परिवहन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है।

-प्रमोद कुमार नायक,
उप संचालक, खनिज

### पत्नी के रहते प्रेमिका को घर ले आया पति, मामला दर्ज

**कोरबा।** पत्नी के रहते पति ने किसी गैर से नजदीकी बढ़ा ली। उसने प्रेमिका के चलते पत्नी को प्रताड़ति करना शुरू कर दिया। वह शादी के 3 साल बाद पत्नी पर 5 लाख रूपए लाने के दबाव बनाने लगा। उसके इस कृत्य में सास व ननद भी साथ देने लगी। इसे पीड़िता बर्दाश्त नहीं कर सकी। उसने न्याय के लिए परिवार परामर्श केंद्र का सहारा लिया, लेकिन बात नहीं बनीं तो आखिरकार पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। बालको थाना क्षेत्र में विवाहिता अपने एक वर्षीय पुत्र के साथ निवास करती है। उसने बालको थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**भूखण्ड बिकाऊ है**

मिशन चौक से पिहरीद मार्ग पर नहर पुलिया के पास मेन रोड में खसरा क्रं 729/3 लगभग 10 डिसमिल भूखण्ड बिकाऊ है

सम्पर्क करें
1. 9131419384
2. 9425250996

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॅब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- मासबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बढ़ाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## बालको ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों के सपनों को दिया पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में युवा खिलाड़ियों के जोश और उमंग से गूंजता वातावरण, आज पूरे अंचल की खेल प्रतिभाओं के सपनों का केंद्र बन चुका है। नगर निगम के सहयोग से वेदांता समूह की कंपनी बालको द्वारा संचालित यह स्टेडियम अब बहु-खेल प्रशिक्षण केंद्र का रूप ले चुका है, जहां युवा खिलाड़ी अभ्यास सत्र के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इस बदलाव के केंद्र में है खेल अकादमी जिसकी शुरुआत अगस्त 2024 में 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों (10 बालक और 10 बालिकाएँ) के चयन के साथ हुई थी। आज यह अकादमी 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 100 से अधिक रेजिडेंशियल और डे-बोर्डिंग खिलाड़ियों का प्रशिक्षण केंद्र बन चुकी है। यहाँ फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और तैराकी जैसे खेलों में खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ कोचिंग के साथ तैयार किया जा रहा है। अकादमी का ध्येय है के ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना, जहाँ से खिलाड़ी न केवल खेल में उत्कृष्ट हों बल्कि आत्मविश्वासी और सशक्त व्यक्तित्व के रूप में भी विकसित हों। अकादमी की प्रशासक सुश्री नेहा पांडे ने कहा कि बालको का लक्ष्य हमेशा से खिलाड़ियों में अनुशासन, मेहनत और सर्वांगीण विकास की भावना को मजबूत करना रहा है। आज हमारे खिलाड़ी जिस तरह प्रगति कर रहे हैं, उससे यह सपना धीरे-धीरे हकीकत बनता नजर आ रहा है। अकादमी के खिलाड़ी पहले ही जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। फुटबॉल खिलाड़ी बिशाल साव और निखिल बरेठ ने छत्तीसगढ़ राज्य टीम में स्थान बनाया, वहीं वॉलीबॉल टीम ने जिला एवं संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी दिलीप यादव ने कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करना केवल सपना नहीं, बल्कि हर सुबह की मेहनत और समर्पण का फल है। खेल अकादमी की जर्सी पहनकर खेलने का गौरव मुझे अपने खेल सफर पर और विश्वास दिलाता है। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी श्रेयांश साहू बोले कि हर अभ्यास हमें बेहतर बनाता है।



न्यायालयः न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कैम्प बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग )
प्र.क्र. -HMA 35/25
पेशी दिनांक - 29/09/2025
प्रोसेस क्र- 1164/25
सूरज कुमार कश्यप
विरूद्ध प्रमिला कश्यप
**ईश्तहार (समंस)**

वादी/आवेदक सूरज कुमार कश्यप ने प्रतिवादी/अनावेदक श्रीमती प्रमिला कश्यप निवास / ग्राम जमड़ी पो. मल्दा थाना हसौद तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) के विरूद्ध धारा 09 हि. वि. अधि. के तहत वाद / आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में लंबित है। समाचार प्रकाशन के माध्यम से यह सूचना प्रकाशित किया जा रहा है कि आप दिनांक 29/9/25 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करें। यदि किसी कारणवश दिनांक 29/9/25 को स्थानीय अवकाश अथवा पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर रहते हैं, तो अनावेदक प्रतिवादी आगामी कार्य दिवस पर आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। अन्यथा आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण में उसके विरूद्ध अग्रिम एकपक्षीय कार्यवाही अग्रसर किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
स्थान- बैकुण्ठपुर
दिनांक- 28/08/2025
(संजीव कुमार टामक)
न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बैकुण्ठपुर
जिला - कोरिया, छ.ग




# टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'बागी 4' में नजर आएंगे। उनकी इस फिल्म के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्हें 'भजरंगी' और 'वेधा' जैसी कन्नड़ फिल्मों के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बावजा भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अब निर्माताओं ने 'बागी 4' का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज का खौफनाक अवतार दिख रहा है। सामने आए पोस्टर में संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज को खून से लथपथ देखा जा सकता है। 'बागी 4' का ट्रेलर रिलीज हुआ, वहीं यह फिल्म 5 सितंबर को दर्शकों

लाइफ Style



# कंगना

## 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुटीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कंगना रनौत को पिछली बार फिल्म 'इमरजेंसी' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में कंगना एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करती नजर आएंगी, जिसमें 'क्वीन' का सीक्वल और 'तनु वेड्स मनु' की तीसरी किस्त शामिल हैं। अब 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' को लेकर धांसू अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है। इसकी शूटिंग भारत और विदेशों में होगी। 'क्वीन' के सीक्वल की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। 'क्वीन 2' की शूटिंग खत्म करने के बाद कंगना फिल्म 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम करने वाली हैं। इस फिल्म की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी है। आनंद एल राय इस फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इसमें कंगना के साथ एक बार फिर अभिनेता आर माधवन नजर आएंगे।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



# जोली की बेटी ने छोड़ा घर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एंजेलिना जोली अपनी बेटी को लेकर इस वक्त परेशान हैं। हाल ही में बेटी ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात से एंजेलिना जोली नाराज हैं। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेटी शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही है। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें।



# कौन हैं रैपर फ्रेंच की मंगेतर और दुबई की राजकुमारी शेखा

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्को-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना पिछले काफी समय से अपनी निजी जिदंगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनका नाम लगातार दुबई की राजकुमारी शेखा माहरा से जुड़ रहा है। अब आखिरकार मोंटाना ने अपनी गर्लफ्रेंड शेखा से सगाई कर ली है। रैपर के प्रतिनिधि ने खुद इस खबर की पुष्टि की है। मोंटाना और शेखा ने इस साल जून में पेरिस फैशन वीक के दौरान एक-दूजे को अंगूठी पहनाई।

***शेखा माहरा कौन हैं?*** : माहरा संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। उनका जन्म 26 फरवरी, 1994 को दुबई में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई दुबई के एक निजी स्कूल से की। इसके बाद वह लंदन चली गईं, जहां से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में डिग्री हासिल की। 31 वर्षीय शेखा समाजसेवा और परोपकारी कार्यों के लिए जानी जाती हैं।



# 'डू यू वाना पार्टनर' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की आने वाली वेब सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज के निर्देशन की कमान अर्चित कुमार और कॉलिन डी कुन्हा ने संभाली है, वहीं करण जौहर इसके निर्माता हैं। 'डू यू वाना पार्टनर' में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अब निर्माताओं ने इस सीरीज का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तमन्ना और डायका बेबाक अंदाज दिख रहा है। 'डू यू वाना पार्टनर' एक नए दौर की मजेदार और अनोखी कॉमेडी-ड्रामा है, जिसकी कहानी दो सहेलियों- शिखा (तमन्ना भाटिया) और अनाहिता (डायना पेंटी) के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों मिलकर अपना अल्कोहल स्टार्टअप शुरू करने का सपना देखती हैं।



# 'हाटक' से सामने आई पहली झलक...

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा को पिछली बार फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी। अब अदा क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हाटक' में नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान अजय के शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। आखिरकार 'हाटक' से अदा की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धाकड़ अवतार दिख रहा है। 'हाटक' के मोशन पोस्टर में अदा हाथ में बंदूक पकड़े खतरनाक अंदाज में नजर आ रही हैं। उनके किरदार का नाम शिवरंजनी आचार्य है। अदा ने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर साझा करते हुए लिखा- 'हाटक- एक डकैती, बिना रहम के। शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। आप सबका आशीर्वाद चाहिए।'

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': कौन हैं कुनिका सदानंद जिनके समर्थन में उतरीं गौहर खान

**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही झगड़े और तकरार देखने को मिल रहे हैं। 'बिग बॉस 19' के घर में एक ऐसी प्रतियोगी हैं, जिनसे हर किसी की बहस हो जाती है और वो हैं कुनिका सदानंद। अब 'बिग बॉस 7' की विजेता गौहर खान ने कुनिका का समर्थन किया है।

## वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं : गौहर

जौहर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, 'कुनिका सदानंद के लिए बुरा लग रहा है। सब लोग बदतमीजी करके चले जाते हैं। वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं। थोड़ी दया करो... मुझे लगता है कि हर कोई उनके लहजे को गलत समझ रहा है। गौहर के अलावा कई सोशल मीडिया यूजर्स भी कुनिका का समर्थन कर रहे हैं। उनकी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है।

## गायिका भी हैं कुनिका

कुनिका एक भारतीय अभिनेत्री, अधिवक्ता, निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। अभिनेत्री होने के साथ-साथ वह एक गायिका भी हैं। उन्होंने 1996 में 'लाखों में एक' और 2002 में 'कुनिका' नामक पॉप एल्बम जारी किए थे। इसके अलावा कुनिका ने साल 2006 में अपना तीसरा एल्बम 'जूमबिश' रिलीज किया था, जिसे काफी पसंद किया गया। कुनिका ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 28 साल की उम्र में 1988 में आई एक हॉरर हिंदी फिल्म 'कब्रिस्तान' से की थी।

## कुनिका ने इन फिल्मों में किया काम

कुनिका ने 'किंग अंकल', 'कोहरा', 'आ गले लग जा', 'बाजी', 'लोफर', 'फरेब', 'हम साथ साथ हैं' और 'फगली' जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 'बेटा', 'गुमराह' और 'खिलाड़ी' जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई हैं। कुनिका की 2 शादियां हुई हैं। उनकी पहली शादी अभय से हुई थी, जिससे उनका एक बेटा अरिहंत है। उनकी दूसरी शादी श्री लाल से हुई थी। बता दें कि कुनिका का नाम गायक कुमार सानू से भी जुड़ चुका है।

# तेजा सज्जा की 'मिराई' अगले माह होगी रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता तेजा सज्जा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'मिराई' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस एक्शन एडवेंचर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान कार्तिक गट्टामनेनी ने संभाली है। अब निर्माताओं ने फिल्म 'मिराई' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तेजा जबरदस्त एक्शन करते दिख रहे हैं।



## 12 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

'मिराई' में मांचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जयराम, जगपति बाबू, राजेंद्रनाथ जुत्शी, पवन चोपड़ा और तनजा केलर जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में देख पाएंगे। बता दें कि करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस हिंदी बाजार में इस फिल्म को रिलीज करेगी, जिससे फिल्म को ज्यादा दर्शक और स्क्रीन्स मिलने की उम्मीद है।

# पांच गायकों की दास्तान : बॉलीवुड के सबसे अमीर गायक, दिल को छू जाती है जिनकी आवाज

**मुंबई।** कोई भी बॉलीवुड फिल्म बिना गानों के पूरी नहीं हो सकती, जो उसे और मनोरंजक बना देते हैं। इन गानों को आवाज देने वाले गायक अपनी प्रतिभा से सभी को अपना मुरीद बना लेते हैं। भारत में कई कुशल गायक हैं, जिनकी आवाज कानों से होते हुए सीधा दिल को छूती है। इन सभी ने न केवल लोगों का प्यार, बल्कि करोड़ों की संपत्ति भी कमाई है। आइए बॉलीवुड के 5 सबसे अमीर गायकों के बारे में जानते हैं।

**एआर रहमान** : एआर रहमान का नाम इस सूची में सबसे ऊपर आता है, जो कि सबसे मशहूर गायक और संगीतकार हैं। वह न केवल हिंदी, बल्कि तमिल और मलयाली समेत 12 भाषाओं में गाने बना चुके हैं। उन्होंने अब तक 2,000 से ज्यादा गाने बनाए हैं और 100 से ज्यादा को आवाज दी है। रहमान की 20 करोड़ से ज्यादा एल्बम बिक चुकी हैं। इन सबकी बदौलत आज वह 1,700 करोड़ से 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक बन गए हैं।

**अरिजीत सिंह** : अरिजीत सिंह को संगीत का पर्याय माना जाता है, जिनकी रूहानी आवाज भावुक कर देती है। वह इस सदी के सबसे पसंदीदा गायक हैं, जो बॉलीवुड के दूसरे सबसे अमीर गायक भी हैं। उनकी प्रसिद्धि का अंदाजा



इस बात से लगाया जा सकता है कि वह स्पॉटिफाई पर दुनियाभर में सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले कलाकार हैं। अरिजीत ने अपनी प्रतिभा के जरिए 414 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इसके बावजूद भी वह साधारण जीवन जीते हैं।

**सोनू निगम** : जब भी बॉलीवुड के गायकों की बात होती है, सोनू निगम का नाम आना लाजमी है। वह देश के सबसे बेहतरीन गायकों में से एक हैं, जो शास्त्रीय संगीत में भी पारंगत हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में गाना शुरू किया था और आज उनके जैसा बहुमुखी गायक कोई और नहीं है। 'अच्छा सिला दिया' गीत ने उन्हें पहचान दिलाई, जिसके बाद उन्होंने एक के बाद एक हिट गाने गाए। उनकी कुल संपत्ति 370 करोड़ रुपये है।

**तुलसी कुमार** : टी सीरीज के मालिक स्वर्गीय गुलशन कुमार की बेटी तुलसी कुमार बॉलीवुड की सबसे अमीर महिला गायक हैं। वह बतौर रेडियो जॉकी भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने 2006 में 'मोहब्बत के' गाने से करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्हें कई हिट गानों को आवाज देने का मौका मिला। तुलसी के 'तुम जो आए', 'हम मर जाएंगे' और 'तेरा बन जाऊंगा' जैसे गाने बेहद प्रसिद्ध हुए हैं। उनकी कुल संपत्ति 210 करोड़ रुपये है।

**श्रेया घोषाल** : 'सुरों की रानी' कहलाई जाने वाली श्रेया घोषाल किसी पहचान की मोहताज नहीं। उनकी सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोल देती है और दिल जीत लेती है। वह अपने करियर के दौरान 20 से अधिक भाषाओं में 3,000 से ज्यादा गाने गा चुकी हैं। श्रेया ने कई पुरस्कार जीते हैं, जिनमें 5 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर शामिल हैं। आपको जानकर खुशी होगी कि अपनी प्रतिभा के जरिए वह 200 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन बन गई हैं।

## जबरिया जोड़ी' ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपए की कमाई की थी

# सिद्धार्थ को 'परम सुंदरी' से बढ़ीं उम्मीदें, पिछली 5 फिल्मों का ऐसा रहा रिपोर्ट कार्ड

***मुंबई।*** *काफी समय से सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में सिद्धार्थ की जोड़ी पहली बार जाहनवी कपूर के साथ बनी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धमाकेदार रहेगी। इसी कड़ी में आइए हम आपको सिद्धार्थ की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।*



**'अय्यारी'** : शुरुआत करते हैं साल 2018 में आई फिल्म 'अय्यारी' से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें सिद्धार्थ के अलावा मनोज बाजपेयी, रकुल प्रीत सिंह, नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म की कहानी लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। 65 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'अय्यारी' ने दुनियाभर में केवल 30.59 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**'जबरिया जोड़ी'** : साल 2019 में सिद्धार्थ फिल्म 'जबरिया जोड़ी' लेकर आए थे। फिल्म में उनकी जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी थी। पहली बार बनी इनकी जोड़ी को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह था, लेकिन पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसका बजट 30 करोड़ रुपये था। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है।

**'योद्धा'** : पिछली बार सिद्धार्थ फिल्म 'योद्धा' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे दर्शक नसीब नहीं हुए। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 53.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसको बनाने में 55 करोड़ रुपये लगे थे। राशि खन्ना और दिशा पाटनी ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया था। फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

***'मरजावां'*** *: सिद्धार्थ की फिल्म 'मरजावां' को 15 नवंबर, 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें रितेश देशमुख, रकुल प्रीत सिंह और तारा सुतारिया जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया था। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। 'मरजावां' ने दुनियाभर में 62 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को बनाने में 50 करोड़ रुपये लगे थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।*

***'थैंक गॉड'*** *: सिद्धार्थ की फिल्म 'थैंक गॉड' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया था। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी। 70 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'थैंक गॉड' ने दुनियाभर में केवल 48.99 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*

## खबर संक्षेप

### बैठक में संगठन निर्वाचन के संबंध में चर्चा, वर्मा को बनाया गया अध्यक्ष



**सक्ती।** जिला मुख्यालय में स्थित विश्राम गृह में 31, अगस्त को सक्ती जिला के सभी चार जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का बैठक आयोजित किया गया जिसके संघ के संगठन निर्वाचन के संबंध में चर्चा किया जहां चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से जनपद पंचायत मालखरौदा के अध्यक्ष कवि शरण वर्मा को संघ जिला अध्यक्ष व सक्ति जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष बंसीधर खांडे को जिला उपाध्यक्ष चुना गया। उसके बाद सभी सदस्यों ने दोनों को माला पहनकर स्वागत किया इस नियुक्ति से निश्चित ही जनपद पंचायतों के कार्यशैली में कसावट के सांथ सांथ विकाश के नए आयाम स्थापित होंगे।

### एमजीएम नेत्र संस्थान द्वारा निशुल्क मोत्याबिंद शिविर का हुआ आयोजन



**बलौदा।** भवानी जन सेवा समिति एवं एमजीएम संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में सर्व समाज हेतु निशुल्क मोत्याबिंद जांच का आयोजन रविवार 31 अगस्त को सशिमं बलौदा में संपन्न हुआ मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर से पहले ट्रिप में 34 लाभार्थी जा चुके अभी दूसरे मंत्री बस में 21 लाभार्थी रवाना हो चुके हैं अर्थात 55 लाभार्थी आज ऑपरेशन के लिए रवाना हो चुके हैं और जो 13 लाभार्थी छूटे हुए हैं वह ऑपरेशन करा कर वापस पहुंचाएंगे उसे दिन मंगलवार को उनको ले जाएंगे टोटल 68 मोतियाबिंद वाले लाभान्वित हुए हैं ऑपरेशन हेतु लगभग 250 पंजीयन हुआ था सभी का हार्दिक भवानी जन सेवा समिति के प्रमुख अकलतरा से प्रकाश केडिया जी उनकी टीम में नवल अग्रवाल सुशील गुप्ता जी मुकीम जी बलौदा से नरेंद्र मित्तल खेमचंद अग्रवाल श्रीकांत अग्रवाल सौरभ गोयल हरीश साहू शिवाजी अग्रवाल कृष्ण कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

### लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



**चांपा।** लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए खो-खो, रस्साकशी और रिले रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में खेल भावना और टीम भावना को प्रोत्साहित किया गया। इसमें रामप्रप्पन देवांगन चेयरमैन, संतोष सोनी प्रेसिडेंट, डॉ. वाई.के. शर्मा तथा बजरंग अग्रवाल शामिल थे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार के साथ मिलकर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। संतोष सोनी ने छात्रों को सक्रिय रहने और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। डॉ. वाई.के. शर्मा ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया, वहीं बजरंग अग्रवाल ने मेजर ध्यानचंद के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक 3 सितम्बर को

**चांपा।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में बुधवार 3 सितम्बर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। बताया जाता है कि उक्त बैठक में जांजगीर चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। बैठक में अन्य प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### अति किसी बात की ठीक नहीं, जीवन संतुलन का नाम

# देश-काल, परिस्थिति के साथ स्वयं का मूल्यांकन करते रहें: पं. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अति किसी बात की ठीक नहीं। अपने जीवन संतुलन का नाम है। जो लोग अति से जीते, वे एक दिन परेशान हो जाएंगे। इसलिए जीवन में संयम व संतुलन बनाए रखें। देश, काल और परिस्थिति के अनुसार सबकुछ बदल जाता है। स्वयं को समझते हुए समय के साथ अपने विचार, निर्णय, अपनी प्रवृत्ति, संकल्प आदि का मूल्यांकन करते रहना चाहिए। भागवत कथा हमें यही सिखाती है। जब किसी का सौभाग्य चरम पर हो तब ही उसे श्रीमद्भागवत पुराण कहते, सुनने और पढ़ने का अवसर मिलता पता है। यह वह शास्त्र है जिसमें बीते की स्मृति, वर्तमान का शोध और आने वाले कल की योजना बसती है। अन्य अर्थों में यह वेद-उपनिषद के मंथन से निकला ऐसा नवनीत है जो भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का पथिक है। इसकी कथा से नेकदृष्ट जीवन का उद्धार होता है। अपितु भविष्य भी प्रकाशित हो उठता है।

उक्त बातें रविवार 31अगस्त से सज्जन अग्रवाल के निवास कोरबा रोड में शुरू हुए सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन व्यासपीठ से अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत प्रवक्ता जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि जीवन में जितना अधिक



सत्य होगा हम उतने ही ही परमात्मा के निकट होंगे। जीवन की परिधि के केंद्र में भगवान को रखें। तभी हम परमात्मा को अपने निकट पा सकेंगेट। तभी हमारे विचारों के साथ-साथ आचार भी शुद्ध होंगे। आसक्ति प्रसंग के माध्यम से उन्होंने समझाया कि यदि मन बुद्धि को नियंत्रित करने लगे तो सबकुछ उल्टा ही होगा। इसलिए बुद्धि से मन को नियंत्रित करने का प्रयास कीजिए।पं मेहता ने कहा कि श्री मद्भागवत कथा ऐसा अद्भुत ग्रंथ है जिससे हम अपने जीवन को रूपांतरित कर सकते हैं।कथा के श्रवण से हमारे जीवन में बदलाव होना चाहिए। पंडित मेहता ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण में 12 स्कंध 335 अध्याय तथा 81हजार श्लोक समाहित है।इस



ग्रंथ में परमात्मा स्वयं उतरें है।यह सब बातें मिथ्या है कि भागवत कथा के श्रवण से स्वर्ग मिल जाता है और पाप कट जाते हैं। हमें कथा श्रवण के लिए इसकी गहराई में उतरना पड़ता है।यह कथा हमारे जीवन के चार व्यवहार को नियंत्रित करती है।यह कथा हमें अशांत नही वरन शांत करती है। हमें जीवन में पाच रास्तों से अशांति का सामना करना पड़ता है।जिनका शमन कथा के श्रवण से होता है।ये पांच रास्ते हैं संसार, संपत्ति, संबंध, स्वास्थ्य तथा संतान हैं। इसके पूर्व सुबह 09बजे बारिश के बीच सदर बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से कथा आयोजक अग्रवाल परिवार द्वारा भव्य कलश यात्रा कथा स्थल तक निकाली गई।

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शाम 4बजे से इसके पूर्व डा रविंद्र द्विवेदी के संचालन में आयोजक परिवार की ओर से सज्जन अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, प्रवीर अग्रवाल तथा निकेत अग्रवाल सपरिवार और स्वजन के साथ व्यासपीठ पर विराजित पंडित विजय शंकर मेहता का आत्मीय स्वागत तिलक,चंदन लगाकर और पुष्पहार पहनाकर किया गया। शाम 7बजे कथा विश्राम के बाद श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती की गई।साथ ही उपस्थित लोगों ने व्यासपीठ पर विराजित पंडित मेहता का चरण छुकर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर पंडित भागीरथी दुबे,पं हरिशरणम दुबे एवं देवेन्द्र दुबे सहित ओमप्रकाश जालान शिव अग्रवाल,नंदकिशोर जालान,सतीश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल,कमल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल शीतल केडिया, दिनेश केडिया,सुनील वनकर, डॉ रमाकांत सोनी, डॉ कुमुदिनी द्विवेदी,ज्योति वनकर, डॉ संतोष अग्रवाल, पुरूषोत्तम देवांगन, श्रीमती मीना देवांगन, डॉ सुरेन्द्र राठौर के अलावा बड़ी संख्या में कथा श्रवण हेतु नगर के श्रद्धालु जन मौजूद थे। सोमवार 01सितंबर की कथा में भगवान के 24अवतार एवं व्यासजी तथा नारद जी संवाद की कथा का श्रवण करायेंगे।

### तुस्मा में गूंजे गजानन के जयकारे, जगह जगह गणेश की हो रही पूजा अर्चना



**तुस्मा।** भादो माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर पूरे देशभर में हर्षोल्लास के साथ गणेश चतुर्थी पर्व मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम तुस्मा में भी इस वर्ष गणेश चतुर्थी की धूम देखने को मिल रही है। गांव के हर चौक-चौराहे पर बप्पा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा है। श्रद्धालुओं में अपार उत्साह और आस्था का वातावरण देखने को मिल रहा है। ग्राम तुस्मा के टिकरीपारा आमापारा, बाड़ापारा, सड़कपारा, निम कुआं ज्योदगीर मोहल्ला,नहर पारा और शबरी डेरा में भव्य पंडाल सजाए गए हैं, जहां गजानन स्वामी की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। रंग-बिरंगे फूलों, विद्युत सजावट और आकर्षक झिलमिलाहट से पूरे गांव के पंडाल रोशन हो उठे हैं। हर पारा और मोहल्ले में अलग-अलग थीम पर मंडप सजाए गए हैं, जो ग्रामीणों और आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। गांव के युवाओं ने जगह-जगह समितियां बनाकर गणेशोत्सव को सफल बनाने की जिम्मेदारी संभाली है। सुबह और शाम आरती के समय भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर भगवान गणेश की आराधना में शामिल हो रहे हैं। और भजन-कीर्तन की धुन पर पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आता है। गणेश चतुर्थी प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन गणपति बप्पा का जन्म हुआ था। उन्हें विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता कहा जाता है। सुबह-शाम परिवारजन मिलकर गणेश आरती गा रहे हैं और प्रसाद वितरित कर रहे हैं।

### बस्तर में विकास गति पर पीएम ने की मन की बात



**पामगढ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 125 वा संस्करण नगर पंचायत पामगढ़ में भाजपा पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न जगहों पर सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात में छत्तीसगढ़ के बस्तर की बात करते हुए कहा कि कभी बस्तर नक्सलवाद से जूझ रहा था आज विकास की राह में रफ्तार पकड़ ली है। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में डे नाइट क्रिकेट मैच होना बड़ी बात है। प्रमुख रूप से भाजपा मंडल पामगढ़ के महामंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रभारी सुधीर तिवारी के साथ सोनू गांधी,ओम प्रकाश राठौर, मनोज घोष,सुखसागर ओग्रे, लक्ष्मीकांत गौराहा,दुष्यंत कश्यप,अशोक सिंह,सुभाष ओग्रे,संजय खांडे, महेंद्र श्रीवास, गोलू वर्मा, शैलेश यादव, लाल सिंह, चंदराम कश्यप, महेश साहू, लाल सिंह ने मन की बात सुनी वही स्थानीय रेस्ट हाउस के सामने स्थित महेंद्र सेलून में बूथ अध्यक्ष दामोदर थवाईत के साथ मुकेश कश्यप, जगदीश श्रीवास, परमानन्द पटेल,वीरेन्द्र पटेल,नरेंद्र श्रीवास,गजानंद ,श्यामसुंदर श्रीवास, छेदीलाल यादव एवं ससहा रोड में भाजपा कार्यकर्ता नन्हा यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समूह में

## छात्र जीवन में पूर्ण क्षमता व विकास के लिए पुस्तकें पढ़ना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर जन्मेजय महोबे, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा राजकुमार तिवारी के निर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत, बीआरसी एच के बेहार के मार्गदर्शन और प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे व शिक्षकों के

**खास बात**

- बिर्रा क्षेत्र के सेमरिया स्कूल में विधिक शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित

नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया ( बिर्रा ) में विविध शैक्षणिक एवं प्रेरक गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

इसी श्रृंखला में छात्र-छात्राओं के द्वारा मां सरस्वती की वंदना स्पीड रीडिंग दीवार पत्रिका व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने प्रभावी पठन साथ ही विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों द्वारा दीवार पत्रिका व प्रदर्शनी



छात्रों से चर्चा करते शाला विकास समिति के अध्यक्ष।

की गई। जिसमें रचनात्मक लेख, चित्रकला कविता और राज्य की उपलब्धियों पर विशेष लेख शामिल किए गए। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पुस्तक को शुद्ध उच्चारण सहित धारा प्रवाह में पढ़ने की आदत और ज्ञानार्जन की संस्कृति को बढ़ावा देना है। हम जितनी पुस्तकें पढ़ेंगे उतने ही हमें ज्ञान होता जाएगा। गुलजार खान ने कहा कि पुस्तक ज्ञान का असीमित भंडार है जो हमें नई सोच प्रेरणा और जीवन जीने की दिशा देती है पुस्तकों का नियमित वाचन मनुष्य के सोच को विस्तृत करता है व्यक्तित्व को निखारता है और समाज को सही दिशा देता है। प्रभारी प्रधान पाठक ने सभी अतिथियों शिक्षकों विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्पीड रीडिंग लिखित सामग्री को औसत से बहुत तेज गति से पढ़ने की एक तकनीक है।

### प्रीपेटरी स्टेज के छात्रों को खेल, गीत, कहानी के माध्यम से होना चाहिए प्रशिक्षित

**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में बिलासपुर एवं कोरबा के शिशु वाटिका के शिक्षिकाओं के लिए आयोजित कार्यशाला का समापन रवींद्र शराफ जिला प्रतिनिधि जांजगीर, बिहारी लाल ताम्रकार अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा, ओमप्रकाश साहू कोषाध्यक्ष गेंदराम राजपूत विभाग समन्वयक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रवींद्र शराफ ने कहा कि प्रारंभिक से लेकर कक्षा दूसरी तक को नई शिक्षा नीति में प्रीपेटरी स्टेज नाम दिया है इस आयु वर्ग के छात्रों को खेल,गीत,कहानी के माध्यम से इंद्रिय एवं कर्मेंद्रियों का विकास करते हुए शिक्षण करना है। आभार प्रदर्शन प्राचार्य केशव कुमार कौशिक ने किया। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप ने श्रीमती दयामति यादव प्रधानाचार्य शिवरीनारायण,श्रीमती ऊषा देवांगन शिशु वाटिका विभाग प्रमुख कोरबा,श्रीमती प्रतिभा पांडेय शिशु वाटिका सह विभाग प्रमुख कोरबा,श्रीमती प्रीति बाला पटेल शिशु वाटिका विभाग प्रमुख बिलासपुर विभाग, लीना शुक्ला शिशु वाटिका प्रशिक्षित गुजरात उपस्थित रहीं। कार्यशाला में सशिमं आचार्या श्रीमती रजनी माखीजा, रमा जायसवाल, पुष्पलता यादव, पिंटी साहू, प्रीति रात्रे, आकांक्षा कौशिक, आशा चौबे, कौशिल्या शांडिल्य, सत्या सिंह, सपना सारथी, चेतन चौधरी, सुषमा कौशिक आचार्य खेमनाथ कश्यप, प्रबोध कुमार यादव, प्रकाश कुमार साहू, श्रीराम ब्रह्मभट्ट, उजाला राम बरेठ, सोमवार सिंह, उतेंद्र मार्बल, शिव शंकर बरेठ, पंकज यादव, शारदा यादव, विमला साहू, संगीता यादव, दिव्या साहू, अंजू यादव, अनिता यादव उपस्थित थी।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में नवाचारी कृषकों का एसपी ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर चांपा में 29 अगस्त को भगवान बलराम जयंती किसान दिवस के अवसर पर प्राकृतिक खेती गौकृषि एवं वाणिज्यिम एवं तिलहन उत्पादन विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। जिले के साथ-साथ सक्ती जिले से भी किसान सम्मिलित हुए। इसका उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की आवश्यकता व महत्व बताने के साथ -साथ उन्हें दलहनी व तिलहनी फसलों की खेती को बढ़ावा देना था।

इस विशेष आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में जांजगीर-चांपा व सक्ती जिले से पहुंचे प्रगतिशील, उन्नत व नवाचारी किसानों को सम्मानित किया गया। इनमे श्रीमती रमशिला मानिकपुरी- खोखसा नवागढ़ की महिला किसान को स्वरोजगार के जरिए महिला सशक्तिकरण की ओर



कृषकों को सम्मानित करते एसपी।

उनके बढ़ते कदम के लिए, शिव कुमार तिवारी मुनुंद निवासी राज्य स्तरीय पुरस्कृत प्रगतिशील किसान को धान की खेती में विपुल उत्पादन तथा मशीनीकरण व उन्नत लेही विधि में योगदान के लिए, रामकुमार बंजारे नवाचारी कृषक अर्जुनी अकलतरा को विशेष सब्जी उत्पादन, धान उत्पादन एवं गौ प्राकृतिक आधारित खेती के लिए, छेदीलाल यादव- बकसपुर बलौदा को उन्नत एवं कम लागत जैविक कृषि में विशेष योगदान के लिए ,उन्नत व नवाचारी कृषक मधुकर किसान सक्ती को कृषि नवाचार हेतु किसानों को जागरूक करने में विशेष योगदान के लिए तथा सक्ती जिले के डोंड़की निवासी योम प्रकाश लहरे को उत्कृष्ट कृषि पत्रकारिता एवं कृषक जन-जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए एवं एसबीआई रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के अरूण पाण्डेय को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने सभी किसानों का उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारी गतिविधियों के लिए उनकी सराहना किया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक के डी महंत ने किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों से जुड़े रहने तथा कृषि में नवाचारी गतिविधियां अपनाते हुए व्यावसायिक सोंच के साथ आगे बढ़ने की बात कही।कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेतती, मछलीपालन, उन्नत कृषि, कृषि में नवाचार, दलहनी व तिलहनी फसलों की बढ़ना क्यों आवश्यक विषयों पर विस्तार से किसानों को जानकारी प्रदान किया।

### पुलिस का शराब माफियाओं पर शिकंजा, कार्रवाई से हड़कंप



**बम्हनीडीह।** थाना क्षेत्र में शराब माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस कार्रवाई में पुलिस ने कच्ची शराब के गढ़ कहे जाने वाले ग्राम कपिस्दा के शराब माफिया आशीष तंबोली के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की है। आरोपी को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया है।थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में शराब माफियाओं और कोचियों पर नकेल कसी जा रही है। लगातार हो रही सख़्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में भय और आतंक का माहौल बना हुआ है।

## प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जिला प्रवास पर पहुंचे देवेश

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विद्युत ठेकेदार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अध्यक्ष देवेश वर्मा एवं प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी जांजगीर चांपा प्रवास पर पहुंचे।

इस अवसर पर जिले के तमाम विद्युत ठेकेदार उपस्थित रहे। संगठन मजबूती के लिए जांजगीर के समस्त ठेकेदारों से घंटों तक चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से जांजगीर चांपा के प्रतिनिधित्व के लिए शरद जायसवाल को जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष धनंजय यादव, अकलतरा संभाग के लिए पिंटू शर्मा और प्रमेय कुमार साव ,चांपा संभाग के लिए महिपाल साहू और पीयूष शर्मा और सक्ती संभाग के लिए बलराम



भारद्वाज और योगेश कमलेश को कार्यकारिणी पदाधिकारी चुना गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ, महामंत्री गोलू यादव, सचिव शशांकदास, उपाध्यक्ष खलील अहमद, दिलेश्वर साव, प्रदीप सिंह, सतीश सोमनानी, संचार मंत्री निकेश व्यास, कोषाध्यक्ष विकास दास, रजनीकांत बंजारे, सूरज चंद्राकर , थनवार पटेल, अनिल कोचले,, अजित साहू, रमेश स्वर्णकार, गोपाल देवांगन, मुकेश झा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### कथा श्रवण के तीसरे दिन कपिल प्रसंग की सुनाई कथा

# सत्संग से ही मनुष्य का विवेक होता है जागृत : राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर के गौतम परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा श्रवण के तीसरे दिन कपिल प्रसंग की कथा सुनाई गई। इस दौरान ब्यास आचार्य ने कहा कि सत्संग भगवत प्राप्ति की पहली सीढी है। सत्संग करने से मनुष्य का विवेक जागृत होता है।

कथा सुनने जांजगीर लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं प्रदेश भाजपा मंत्री विद्या सिदार दोनों के द्वारा व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर भागवत आचार्य राजेंद्र शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया। कमलेश जांगड़े एवं विद्या सिद्धार्थ ने कहा भागवत कथा हमें श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और



ब्यास पीठ से कथा सुनाते आचार्य।

भविष्य और अपने परमार्थ को सुधारने में राह दिखाती है गौतम परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जहां प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ कथा श्रवण हेतु उमड़ रही है , नगर में आध्यात्मिक एवं आस्था भाव के साथ राधे नाम की गूंज भी हो रही है। कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ से कथा वाचक राजेंद्र ने देवहूति कपिल प्रसंग का व्याख्यान करते हुए आचार्य राजेंद्र ने बताया कि सत्संग भगवत प्राप्ति की पहली सीढ़ी है । सत्संग करने से ही मनुष्य का विवेक जागृत होता है , इसलिए विद्वानों और संत का एक छड़ अर्थात अल्प समय ही परम कल्याणकारी होता है। गृहस्थ जीवन संसार में डूबने के लिए नहीं बल्कि भवसागर से तारने के लिए होता है। इसलिए प्रत्येक गृहस्थ जीवन में पत्नी या पति केवल जीवन जीने के लिए सांग ना हो बल्कि इन दोनों में प्रतिदिन सत्संग हो। सत्संग से जीवन में आनंद आता है और हमारी भावी पीढ़ी भी संस्कृत होती है। आचार्य द्वारा दक्ष यज्ञ वृतांत और प्रहलाद चरित्र का भी विस्तार से वर्णन किया गया। उन्होंने श्रोताओं को बताया कि, आशा ही दुख का कारण बन जाता है। दक्ष की पुत्री सती के मन में बड़ी आशा थी कि मेरे मायके में मुझे बड़ा स्नेह और आदर मिलेगा किंतु यज्ञ स्थल में जाने पर उसकी आशा निराशा में बदल गई और यज्ञ कुंड में कूद कर उसे अपने प्राण त्यागना पड़ गया। प्रहलाद की रक्षा करने के लिए भगवान खंभे से अलौकिक रूप धारण कर नरसिंहनाथ के रूप में प्रकट हुए थे और सनातन धर्म के परम शत्रु हिरण्यकश्यप का वध भी किया। कथा श्रवण करने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जायसवाल, राम अवतार अग्रवाल उपस्थित आयोजक हसत देवांगन, समारू देवांगन श्रीमती अनीता राम नारायण गौतम द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने की अपील की है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अगस्त 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अगस्त 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 सितंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

